प्रेषक,

कृष्ण चन्द्र पाण्डेय,
विशेष न्यायाधीश (ई0सी0एक्ट)/
अपर जिला व सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नं0–4, सहारनपुर।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय, सहारनपुर।

विषयः–अचल सम्पत्ति विक्रय करने की अनुमति के सम्बन्ध में।

महोदय,

सम्मानपूर्वक निवेदन है कि मेरे स्थाई निवास स्थान ग्राम बेलासपुर (उरूवां बाजार), तप्पा कुरमौट, परगना धुरियापार, पोस्ट उरूवां बाजार, तहसील गोला बाजार, जिला गोरखपुर स्थित मेरा आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावा मेरे पैतृक गॉव– ग्राम सिधुआपार, तप्पा हवेली, परगना चिल्लूपार, पोस्ट बड़हलगंज, तहसील गोला बाजार, जिला गोरखपुर स्थित मेरे पूर्वजों का मकान भी काफी क्षतिग्रस्त हो गया है, जिनकी मरम्मत/निर्माण हेतु धन की आवश्यकता है।

मेरे पैतृक गॉव ग्राम–सिधुआपार, जिला–गोरखपुर में तथा उसके अगल बगल अन्य कुछ गांवों में मेरी कई पैतृक कृषि भूमि स्थित है, जो मुझे अन्य सहखातेदारों के साथ अपने पूर्वजों से उत्तराधिकार के माध्यम से प्राप्त हुई हैं। इनका उल्लेख पूर्व में समय समय पर माननीय न्यायालय की सेवा में प्रेषित मेरे सम्पत्ति विवरण में है। इनमें मेरे पैतृक ग्राम–सिधुआपार, जिला–गोरखपुर में स्थित गाटा/खसरा नम्बर 365, जिसका कुल रकबा 0.186 है0 है, में 1/4 अंश अर्थात 0.0465 है0 भूमि मुझे पूर्वजों से उत्तराधिकार में प्राप्त हुई है, जिसका मैं संक्रमणीय भूमिधर हूॅं। उक्त गाटा/खसरा के 1/2 अंश अर्थात 0.093 है0 भूमि के सहखातेदार/संक्रमणीय भूमिधर मेरे बड़े पिताजी स्व0 श्री शरद चन्द्र पाण्डेय जी और 1/4 अंश अर्थात 0.0465 है0 भूमि के सहखातेदार/संक्रमणीय भूमिधर मेरे बड़े भाई डा0 चन्द्र शेखर पाण्डेय जी थे। अपनी अपनी

आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अपने जीवनकाल में मेरे बड़े पिताजी श्री शरद चन्द्र पाण्डेय जी ने अपना सम्पूर्ण अंश तथा मेरे बड़े भाई डा0 चन्द्र शेखर पाण्डेय जी ने अपना सम्पूर्ण अंश विक्रय कर दिया है। अब उक्त खसरे/गाटे में वर्तमान में सिर्फ मेरे अंश की भूमि शेष है। चूँकि मैं अपनी नौकरी के कारण वहां पर स्थायी रूप से नहीं रह पाता हूँ, ऐसे में मेरे अंश की उक्त भूमि पर अतिक्रमण की सम्भावनायें बनी हुई हैं। इसके अलावा मुझे अपने भाई के साथ मिलकर अपने पैतृक गॉव ग्राम–सिधुआपार, जिला–गोरखपुर स्थित अपने हिस्से के पूर्वजों के मकान की मरम्मत करानी है तथा वर्तमान स्थायी निवास स्थान ग्राम बेलासपुर (उरूवां बाजार), जिला–गोरखपुर स्थित अपने आवासीय मकान, जो काफी क्षतिग्रस्त हो गया है, को ध्वस्त कराकर नवनिर्मित कराना है, जिसके लिए धन की आवश्यकता है। इन्हीं कारण मैं अपने पैतृक गॉव ग्राम–सिधुआपार, तप्पा–हवेली, परगना–चिल्लूपार, पोस्ट–बड़हलगंज, तहसील–गोला बाजार, जिला–गोरखपुर स्थित उक्त खसरा/गाटा संख्या 365 में अपने अंश का विक्रय करके धन की व्यवस्था करना चाहता हूँ।

मेरे पैतृक गॉव सिधुआपार की निवासिनी श्रीमती सुभावती देवी पत्नी श्री दशरथ यादव उक्त भूमि में से 0.0285 है0 भूमि अंकन 19,00,000/–रू0 प्रतिफल के एवज में तथा मेरे अंश की शेष 0.018 है0 भूमि अर्थात 1972 वर्ग फीट भूमि श्रीमती शाान्ति देवी, पत्नी श्री राजेन्द्र, निवासी ग्राम–मॅउवा मऊ बुजुर्ग भरौली, पोस्ट बडहलगंज, तहसील गोला बाजार, जिला गोरखपुर, पिन कोड–273402, अंकन 12,00,0000/–रू0 प्रतिफल के एवज में क्रय करने के लिए तैयार है, जो बाजार भाव के समतुल्य है। ये दोनो व्यक्ति मुझसे किसी भी प्रकार से सम्बन्धित नहीं हैं। मेरे द्वारा इन दोनो व्यक्तियों का कोई भी मुकदमा कभी भी निर्णीत नहीं किया गया है और न ही इन दोनो व्यक्तियो सें सम्बन्धित कोई भी मुकदमा मेरे न्यायालय में वर्तमान में लम्बित है।

अस्तु आपसे सादर निवेदन है कि मेरे आवेदन को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करके मुझे मेरे पैतृक गॉव ग्राम–सिधुआपार, तप्पा–हवेली, परगना–चिल्लूपार, पोस्ट–बड़हलगंज, तहसील–गोला बाजार,

जिला–गोरखपुर स्थित उक्त गाटा संख्या 365 में अपने अंश की भूमि का विक्रय करने की अनुमति प्रदान कराने की कृपा करें। मै सदैव आपका आभारी रहूँगा।

भवदीय,

(कृष्ण चन्द्र पाण्डेय)
विशेष न्यायाधीश (ई0सी0एक्ट)/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नं0–4, सहारनपुर।
(I.D. No.-U.P.6058)

विक्रय की जाने वाली सम्पत्ति व क्रेता का पूर्ण विवरण प्रतिफल की राशि सहित :–

1–गाटा संख्या 365, कुल रकबा 0.465 है0 में से 0.0285 है0 भूमि
क्रेता श्रीमती सुभावती देवी, पत्नी दशरथ यादव निवासनी ग्राम सिधुआपार,
पोस्ट बडहलगंज, तहसील गोला बाजार, जिला गोरखपुर, पिन कोड–273402,
PAN Card No.- DROPD2824K, Adhar Card No.- 826831346033
प्रतिफल राशि अंकन 19,00,000/–रू0।

2–गाटा संख्या 365, कुल रकबा 0.465 है0 में से 0.018 है0 भूमि क्रेता श्रीमती
शाान्ति देवी, पत्नी श्री राजेन्द्र, निवासी ग्राम–मॅउवा मऊ बुजुर्ग भरौली, पोस्ट
बडहलगंज, तहसील गोला बाजार, जिला गोरखपुर,पिन कोड–273402, हाल
मुकाम/वर्तमान पता– मकान नं0 146, भारत नगर, अशोक बिहार, नई दिल्ली, 110052।
PAN Card No.- JMKPS4845C, Adhar Card No.- 357299511598.
प्रतिफल राशि अंकन 12,00,000/– रूपये।